प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 02.06.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आदिवासी छात्रवृति प्राप्तकर्ताओं से किया संवाद, कहा– भारत सरकार आदिवासी छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत।
- झारखंड जल मिशन 2.0 को लेकर दिल्ली में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय के साथ एमओयू आज, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची से वर्चुअल माध्यम से होंगे शामिल ।
- मुख्यमंत्री आज स्वास्थ्य विभाग और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की करेंगे समीक्षा, विभागीय कार्यप्रणाली, योजनाओं की अद्यतन प्रगति एवं लंबित मामलों का लेंगे लेखा जोखा।
- सीबीएसई 12वीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन और अंकों की पुष्टि के लिए पोर्टल सक्रिय, बोर्ड ने जानकारी के लिये जारी किया वीडियो।
- और पर्यावरण सप्ताह के तहत झारखंड वन विभाग की ओर से एक से 5 जून तक कई कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, मानव श्रृंखला, ट्रेकिंग, बर्ड वॉचिंग और कार्यशालाएं शामिल।

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में आदिवासी छात्रवृत्ति प्राप्त करने वालों छात्रों से बातचीत की। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश में प्रतिभा की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार आदिवासी छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है।

********************

झारखंड में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए आज नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय और राज्य सरकार के बीच झारखंड जल मिशन 2.0 को लेकर एक महत्वपूर्ण सहमति पत्र एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में विभाग के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल एमओयू में शामिल होगा। मंत्री योगेन्द्र प्रसाद महतो ने आकाशवाणी को बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस एमओयू कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने विभाग की बकाया राशि भुगतान की भी उम्मीद जताई।

********************

झारखंड में विभागों की योजनाओं और कार्यों की समीक्षा का दौर जारी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के साथ खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की समीक्षा करेंगे। इस दौरान विभागीय कार्यप्रणाली, योजनाओं की अद्यतन प्रगति एवं लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की जायेगी।

********************

राजमहल विधायक एमटी राजा ने राजमहल और उधवा प्रखंड में 2.34 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 11 विकास योजनाओं का शिलान्यास किया, जिनमें डीप बोरिंग, जलमीनार, तालाब में सीढ़ी घाट, सार्वजनिक भवन और पोखर का सौंदर्यीकरण शामिल है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पेयजल और सामुदायिक भवनों जैसी बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि पिछले तीन दशकों से उपेक्षित इलाकों का भी विकास हो सके।

********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने विशेष गहन पुनरीक्षण और जनगणना के मद्देनजर बूथ से पंचायत तक संगठन मजबूत करने का अभियान शुरू किया है, जिसके तहत 15 जून तक हर बूथ पर बीएलए–2 और 10 सदस्यीय बूथ कमेटी बनाई जाएगी। केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय के नेतृत्व में 4 जून तक चाईबासा, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां और सिमडेगा में संगठनात्मक बैठकें होंगी, वहीं रांची जिले में आठ प्रखंडों के लिए केंद्रीय व जिला संयोजक मंडल सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

********************

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड—सीबीएसई ने बताया है कि उत्तर पुस्तिकाओं की प्रतियों में पाई गई त्रुटियों के सत्यापन और उनके पुनर्मूल्यांकन के लिए पोर्टल आज से शुरू हो गया है। यह पोर्टल 6 जून तक खुला रहेगा। सीबीएसई ने कहा है कि यह सुविधा केवल उन्हीं छात्रों के लिए उपलब्ध है, जिन्होंने अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की प्रति प्राप्त कर ली है।

********************

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक में आज गिरावट दर्ज की गई। अंतिम समाचार मिलने तक संसेक्स 182 अंक गिरकर 74 हजार 85 पर जबकि निफ्टी अंक लुढक कर 23 हजार तीन सौ दो पर था।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 44 हजार 800 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 70 हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

जमशेदपुर पुलिस ने उलीडीह थाना क्षेत्र में हुए विकास सिंह हत्याकांड का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी पियूष पाण्डेय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं।

********************

झारखंड वन विभाग एक  से पांच जून तक पर्यावरण सप्ताह मना रहा है, जिसमें स्वच्छता अभियान, मानव श्रृंखला, ट्रेकिंग, बर्ड वॉचिंग और कार्यशालाएं शामिल हैं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजीव कुमार ने प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी।

********************

गिरिडीह में उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद की शासी निकाय की बैठक हुई । इसमें राज्यसभा सांसद, जमुआ विधायक, जिला परिषद अध्यक्ष, गिरिडीह महापौर, पर्यटन मंत्री के प्रतिनिधि और कई विधायकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

बैठक में जिले के अधिसूचित पर्यटन स्थलों की स्थिति और पर्यटन विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई। विधायक मंजू कुमारी ने बताया कि 'बी' श्रेणी के पर्यटन स्थलों के समग्र विकास के लिए कंसल्टेंट के जरिए डीपीआर तैयार कराया जाएगा।

********************

पश्चिमी सिंहभूम जिला के चक्रधरपुर स्थित दक्षिण पूर्व रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती संख्या और सुविधा को ध्यान में रखते हुए टाटानगर– बक्सर –टाटानगर एक्सप्रेस में स्थायी रूप से एक अतिरिक्त कोच जोड़ने का निर्णय लिया है। रेलवे के इस फैसले से ट्रेन में यात्रियों के लिए बैठने की क्षमता बढ़ेगी और यात्रा अधिक सुविधाजनक हो सकेगी।

*********************